# डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम शासकीय महाविद्यालय सिलवासा में खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण, 27 अगस्त।

सिलवासा में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। राष्ट्रीय खेल दिवस-2026 के अवसर पर विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम के अंतर्गत इस विशेष संवाद का आयोजन 27 अगस्त 2026 को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम शासकीय महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में हुआ। माय भारत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में कॉलेज के लगभग 200 विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लेकर इसे सफल बनाया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को भारत की खेल उपलब्धियों, खेलों के माध्यम से युवाओं के सर्वांगीण विकास तथा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व एवं भारत की खेल यात्रा पर आधारित लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के स्थानीय सत्र में दादरा नगर हवेली की प्रतिभाशाली खेल एवं युवा हस्तियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रेया रस्तोगी (रिदमिक जिम्नास्ट), शिवांगी (राष्ट्रीय स्तर की कराटे खिलाड़ी) तथा स्थानीय इन्फ्लुएंसर राहिला मलविया को सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम शासकीय महाविद्यालय की तीन प्रतिभाशाली छात्राओं को भी उनकी उत्कृष्ट खेल उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। श्रुति मौर्या एवं मोनिका निलेश ने विश्वविद्यालय स्तर पर ऑल इंडिया क्रॉस कंट्री प्रतियोगिताओं में सहभागिता की। जबकि विभा यादव ने ऑल इंडिया इंडिपेंडेंस कप कराटे चैंपियनशिप 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। कार्यक्रम में युवा आइकन एवं स्थानीय खिलाड़ियों के बीच विशेष संवाद एवं परिचर्चा आयोजित की गई। जिसका संचालन एंकर चिराग कुमार सेन द्वारा किया गया। इसमें पिछले दस वर्षों में देश में खेल अवसंरचना के विकास, प्रधानमंत्री के खेल संबंधी विजन, भारत में खेलों की प्रगति तथा आगामी ओलंपिक एवं राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारत की तैयारियों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. भगवानजी झा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा अनुशासन, नेतृत्व और खेल भावना के साथ राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान युवा संवाद का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को अपने विचार, सुझाव, आकांक्षाएं एवं दृष्टिकोण साझा करने का अवसर मिला। साथ ही विद्यार्थियों से माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण करने की अपील की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला युवा अधिकारी विठ्ठल चोरमले के मार्गदर्शन एवं सक्रिय सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके समन्वय एवं सहयोग से कार्यक्रम का सुव्यवस्थित एवं सफल आयोजन सुनिश्चित हुआ। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संध्या द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रगान के पश्चात सामूहिक छायाचित्र एवं संक्षिप्त मीडिया संवाद आयोजित किया गया।

लगभग 200 विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता से आयोजित खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम ने युवाओं में खेल भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, स्वस्थ जीवनशैली तथा विकसित भारत के निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति जागरूकता को और अधिक मजबूत किया।

# जेम्स ऑफ इंडियाः दमण और दादरा नगर हवेली की प्रतिभाओं और विरासत को राष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने का आह्वान



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण, 27 अगस्त।

भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की नवीन पहल जेम्स ऑफ इंडिया के तहत दमण के विद्युत भवन में विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में नई दिल्ली से आए प्रसार भारती के एडीपी आशुतोष कुमार ने जेम्स ऑफ इंडिया पहल के उद्देश्यों और इसकी संभावनाओं की जानकारी दी। साथ ही मीडिया प्रतिनिधियों, कंटेंट क्रिएटर्स, सोशल मीडिया वीडियो क्रिएटर्स और मेरा युवा भारत के युवाओं सहित कई लोग उपस्थित रहे।

आशुतोष कुमार ने कहा कि जेम्स ऑफ इंडिया दमण तथा दादरा नगर हवेली की विशिष्ट पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का सुनहरा अवसर है। इसके माध्यम से क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर, संस्कृति, परम्परा, प्राकृतिक सौंदर्य, स्थानीय पात्रों और प्रतिभाओं को देशभर के सामने प्रस्तुत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रदेश में अनेक अनूठी विरासतें, कहानियां और प्रतिभाएं मौजूद हैं। जिन्हें राष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने की आवश्यकता है। जेम्स ऑफ इंडिया के माध्यम से स्थानीय सामग्री बनाने वालों और प्रतिभाशाली लोगों को अपनी प्रतिभा एवं प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में मेरा युवा भारत की अधिकारी सृष्टि शर्मा, दमण आकाशवाणी के अधिकारी हरेश पटेल सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

# दीव के एनएसएस स्वयंसेवकों ने खेलो इंडिया संवाद - खेल की बात पीएम मोदी के साथ कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक लिया हिस्सा



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 27 अगस्त। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा मेरा युवा भारत (माय भारत) के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में देशभर में खेलो इंडिया संवाद - खेल की बात पीएम मोदी के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य देश के युवाओं को खेलों से जोड़ना, फिटनेस के प्रति जागरूक करना, अनुशासन एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना था। इस महत्वपूर्ण अवसर पर दीव जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद सोलंकी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में दीव जिले की विभिन्न ठरर इकाइयों के स्वयंसेवकों ने लाइव वेबकास्ट के माध्यम से कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। एनएसएस स्वयंसेवकों ने बड़ी रुचि एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम को देखा और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायी संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के युवाओं को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व, शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य, अनुशासन, स्वस्थ जीवनशैली तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विशेष बल दिया। उन्होंने युवाओं को खेलों को केवल प्रतियोगिता के रूप में नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और सकारात्मक सोच विकसित करने के माध्यम के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री जी के संबोधन ने एनएसएस स्वयंसेवकों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। स्वयंसेवकों ने खेलों एवं फिटनेस को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा अपने आसपास के अन्य युवाओं को भी स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। एनएसएस स्वयंसेवकों की सहभागिता ने यह संदेश दिया कि युवा शक्ति केवल शैक्षणिक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि खेल, स्वास्थ्य, सामाजिक सेवा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण के प्रत्येक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। एनएसएस की मूल भावना Not Me But You के अनुरूप स्वयंसेवकों ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी एवं सकारात्मक योगदान की भावना को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम के माध्यम से स्वयंसेवकों को यह भी प्रेरणा मिली कि एक स्वस्थ एवं सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए प्रत्येक नागरिक का शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है। नियमित खेल एवं व्यायाम से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि आत्मविश्वास, एकाग्रता, नेतृत्व क्षमता और कार्यक्षमता में भी वृद्धि होती है। दीव जिले के एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा इस कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता युवा शक्ति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को दर्शाती है। स्वयंसेवकों ने खेल एवं फिटनेस को बढ़ावा देने, अनुशासन को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने और समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने स्वस्थ युवा - सशक्त युवा - विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने तथा अपने साथ-साथ समाज के अन्य युवाओं को भी फिटनेस, खेल और स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया। दीव के एनएसएस स्वयंसेवकों की यह सक्रिय सहभागिता न केवल राष्ट्रीय खेल दिवस की भावना के अनुरूप रही, बल्कि इसने खेलों के प्रति जागरूकता, युवा नेतृत्व, अनुशासन और राष्ट्र सेवा के मूल्यों को भी मजबूत किया। कार्यक्रम युवाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायी, ज्ञानवर्धक और उत्साहवर्धक रहा।


TORRENT POWER | DNHDD

**बिजली बंद होने की सूचना**

उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणात्मक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव पावर कोर्पोरेशन लिमिटेड (ट्रान्समिशन) द्वारा नेटवर्क रखरखाव की योजना बनाई है, ऐसा हमें सूचित किया गया हैं। निम्न दर्शित संबंधित सबस्टेशनों से ग्राहको को मिलने वाली बिजली सुबह १०:०० से दोपहर २.३० बजे तक आपूर्ति बंद रहेगी। कृपया तदनुसार आपकी गतिविधियों की योजना बनाएं। हालांकि, बिजली आपूर्ति निर्धारित समय से पहले शुरु करने के सभी प्रयास किए जाएंगे।

| दिनांक | सबस्टेशन | फीडर | क्षेत्र का नाम |
|---|---|---|---|
| ०१/०९/२०२६ मंगलवार | कला एसएस | (११ केवी कला एसएस १५ एमवीए टीआर-१) | खेरडी गांव खडीपाड़ा, खुमारपाड़ा, मरगपाड़ा, कासपाड़ा, एक्सप्रेस फीडरः ११ केवी आर्टिस टेक्सटाइल, ११ केवी ऑडेक्स यूनिट- ११ केवी छड़वा प्लास्टिक, ११ केवी सुदर्शन मिनकेम |

**असुविधा के लिए खेद है।**

दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव पावर डिस्ट्रीब्युशन कोर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा वरिष्ठ एवं दिव्यांग नागरिकों के लिए विभिन्न बिजली संबंधित सेवाए, जिनको घर बैठे कॉल करके प्राप्त किया जा सकता है।

- बिजली बिल में नाम बदलना
- बिजली कनेक्शन के स्थान में परिवर्तन
- बिजली आपूर्ति में सुधार
- नए बिजली कनेक्शन के लिए
- बिजली बिलों का भुगतान

आपकी सेवा में सदैव उपस्थित
24/7 Helpline 9099991912, 18002339500, 19126, 18002705551
connect.torrentpower.com
connect.dnhdd@torrentpower.com



**CHANGE OF NAME**

OLD NAME:KAMLI TIRTHRAJ DHIRUBHAI
**NEW NAME: TIRTHRAJ DIRUBAI**
ADDRESS: 144, KAMARWAD, BHENSLORE, NANI DAMAN, DAMAN - 396210

**CHANGE OF NAME**

OLD NAME:HASUBEN DHIRUBHAI PATEL
**NEW NAME: HASUBEN DIRUBAI**
ADDRESS: 144, KAMARWAD, BHENSLORE, NANI DAMAN, DAMAN - 396210

**CHANGE OF NAME**

I HAVE CHANGED MY NAME FROM SUNIL KUMAR **TO SUNIL KUMAR SINGH**.
ADDRESS: - MARVAL PARK, RAW HOUSE NO. B, S-1-C-229, JANU NI WADI, DUNETHA NANI DAMAN-396210

**CHANGE OF NAME**

OLD NAME: SHAIKH ABDUL WAHEED
**NEW NAME: WAHEED SHAIKH**
ADDRESS: S-2, S S COMPLEX, BHITWADI, MOTI DAMAN, DAMAN- 396 220.



Bharat Express
Diu To Daman - Silvassa
Baroda -Bharuch -Ankleshwar -Surat.
Navsari -Chikhli -Valsad -KillaPardi
Vapi -Bhilad -Mumbai -Ahmedabad



Office 02875 225990
Mo.9426989796
Mo.9104980990



TORRENT POWER | DNHDD

**बिजली बंद होने की सूचना**

उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणात्मक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नेटवर्क रखरखाव की योजना बनाई है। निम्न दर्शित संबंधित सबस्टेशनों के ग्राहको को मिलनेवाली बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। कृपया तदनुसार आपकी गतिविधियों की योजना बनाएं। हालांकि, बिजली आपूर्ति निर्धारित समय से पहले शुरु करने के सभी प्रयास किए जाएंगे।

| दिनांक | सबस्टेशन | फीडर | क्षेत्र का नाम |
|---|---|---|---|
| ०३/०९/२०२६ (गुरुवार) सुबह १०:०० से शाम ५:०० बजे | रखोली | (११ केवी सायली -३ फीडर) | डिंधापाड़ा, दत्तुपाड़ा, अंधेरपाड़ा, किनारीपाड़ा, बिवलापाड़ा, आईएमपी गली, बालाजी एक्सपोर्ट |

**असुविधा के लिए खेद है।**

दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव पावर डिस्ट्रीब्युशन कोर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा वरिष्ठ एवं दिव्यांग नागरिकों के लिए विभिन्न बिजली संबंधित सेवाए, जिनको घर बैठे कॉल करके प्राप्त किया जा सकता है।

- बिजली बिल में नाम बदलना
- बिजली कनेक्शन के स्थान में परिवर्तन
- बिजली आपूर्ति में सुधार
- नए बिजली कनेक्शन के लिए
- बिजली बिलों का भुगतान

आपकी सेवा में सदैव उपस्थित
24/7 Helpline 9099991912, 18002339500, 19126, 18002705551
connect.torrentpower.com
connect.dnhdd@torrentpower.com



દશમી પુણ્યતિથિએ શ્રદ્ધાંજલિ



એક પિતાનો ચેહરો જે દ્રષ્ટિ માંથી ભૂલાય નહીં એક પિતાનું વ્યક્તિત્વ જે ક્યારેય હવે મળશે નહિ જેમનું નામ હૃદયમાં સતત ગુંજ્યા કરે અને ફુલ બની આસપાસ મહેંક્યા કરે. એવા પિતા શ્રીને અમારી હૃદય પૂર્વકની શ્રદ્ધાંજલિ

સ્વ.નટુભાઈ મોહનભાઈ પટેલ
જન્મ તા. ૮/૬/૧૯૫૬
સ્વ.તા. ૨૮/૮/૨૦૧૬

લિ.
શૈલેષભાઈ નટુભાઈ પટેલ
કમલભાઈ નટુભાઈ પટેલ
તથા સમસ્ત પટેલ પરિવાર

સ્થળ: મુ.પલસેટ, ઝરી ત્રણ રસ્તા, મોહનગામ



TORRENT POWER | DNHDD

**सार्वजनिक सूचना**

दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव पावर डिस्ट्रीब्युशन कोर्पोरेशन लिमिटेड के विभिन्न ओवरहेड लाइनों (एलटी और एचटी) के साथ या बिजली के खंभो के माध्यम से कई जगहों पर **INTERNET, CABLE TV, FIBER OPTIC** और अन्य लाइनों के केबलों का नेटवर्क अवैध रुप से पाया गया है। दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव पावर डिस्ट्रीब्युशन कोर्पोरेशन लिमिटेड के विद्युत नेटवर्क की पावर लाईन के अलावा अन्य विद्युत नेटवर्क होना बेहद खतरनाक है, जिससे बडी बिजली दुर्घटना हो सकती है। उपरोक्त केबल नेटवर्क रखने वाले किसी भी संगठन या व्यक्ति से अनुरोध है कि इसे तुरंत बिजली के खंभो (पोल)से हटा दें। उपरोक्त नेटवर्क हटाने से पहले, कृपया दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव पावर डिस्ट्रीब्युशन कोर्पोरेशन लिमिटेड को ग्राहक सेवा नंबर **9099991912, 1800-233-9500, 19126, 1800-270-5551** पर सुचित करें ताकि बिजली खंभो से ऐसे नेटवर्क कों सुरक्षित रुप से हटाया जा सके। दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव पावर डिस्ट्रीब्युशन कोर्पोरेशन लिमिटेड की बिजली लाइनों पर अनअधिकृत **INTERNET, CABLE TV, FIBER OPTIC** और अन्य केबलों की वजह से किसी भी आकस्मिक नुकसान और जानहानी की पूरी जिम्मेदारी केबल / नेटवर्क धारक की होगी।

आपकी सेवा में सदैव उपस्थित
24/7 Helpline 9099991912, 18002339500, 19126, 18002705551
connect.torrentpower.com
connect.dnhdd@torrentpower.com



U.T. Administration of Dadra & Nagar Haveli and Daman & Diu

Government College, Diu

WALK-IN-INTERVIEW
Empanelment for Short Term Contract (STC) Basis Subject
Microbiology

Adv No: 1.1501/2016-17/STC/ Appointment/298
Interview Date: 09/09/2026
Time: 01:30 PM
Venue : Collectorate, Sewa Bhavan, Diu.

For details please scan
www.diucollege.ac.in
diucollege@gmail.com

For any other details please contact on college mail address address
diucollege@gmail.com

Government College, Diu, Education Hub, Kevdi, Diu - 362520

No: IP/DMN/2/5/2026-27/463 Dtd.: 27/08/2026



UT ADMINISTRATION OF DADRA & NAGAR HAVELI AND DAMAN & DIU

Department of Land Acquisition, Daman
Draft Social Impact Assessment

Purpose: Land Acquisition proposal at village Magarwada from Ch 10+200 to Ch. 10+700 in Moti Daman for the work "Upgradation & Widening of NH-848B from Ch. 8+180 to Ch. 12+000 and Ch. 14+100 to Ch. 20+300 in Daman (Length 10.02 Km.)

Notice of public hearing on draft Social Impact Assessment Report as per Section 6 of the RFCTLARR, Act 2013

For details please scan or visit https://ddd.gov.in/

No. 3/148/LND-ACQ/2026-27/1100 Dated 25.08.2026.
3/148/LND-ACQ/2026-27/1144 Dated 25.08.2026.
Village Magarwada, Nani Daman
Area of acquisition 4504.00 Sq. mtrs.

The Land Acquisition Collector, Daman

No: IP/DMN/2/5/2026-27/460 Dtd.: 27/08/2026



संघप्रदेशप्रशासन, दादरा एवं नगर हवेली तथा दमण एवं दीव,
अग्निशमन एवं आपातकालिन सेवा विभाग, दमण.
निविदा आमंत्रण सूचना

No.DFES/DMN/LTN/MTS(Sweeper)/2026-27/261 Dated 19/08/2026

आमंत्रण सूचना सं: २०२६-२७ का ०१
निविदा दस्तावेजों की प्रारंभ तिथि १९/08/२०२६.
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय: ०३/09/२०२६ १५:००.
कार्य का नाम: ०२ एमटीएस (स्वीपर) के लिए अनुबंध/ किराया आधार पर कार्यालय सफाई सेवा की आपूर्ति हेतु।
कोई अन्य विवरण

विवरण के लिए कृपया स्कैन करें
https://ddtenders.gov.in
0260-2244060

सहायक निदेशक, अग्निशमन एवं आपातकालिन सेवा विभाग, दमण

No: IP/DMN/2/5/2026-27/464 Dtd.: 27/08/2026



संघ प्रदेश दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव

लोक निर्माण विभाग - दमन
निविदा आमंत्रण सूचना

नानी दमन में सागर पेट्रोल पंप के सामने क्वार्टर (नंबर A-001 और 102) में पेंटिंग और प्लंबिंग सप्लाई का काम। (E-30576)

टेंडर आईडी नंबर : 2026_DAMAN_4942_1
प्रीबिड मीटिंग की तारीख : ---
डाउनलोड करने की अंतिम तिथि : 05/09/2026
हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि : 05/09/2026
बोली खुलने की तिथि : 05/09/2026

For details please scan https://ddtenders.gov.in

कार्यपालक अभियंता,लो.नि.वि., दमण,

No: IP/DMN/2/5/2026-27/462 Dtd.: 27/08/2026



संघ प्रदेश दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव

लोक निर्माण विभाग - दमन
निविदा आमंत्रण सूचना

मोटी दमन कोर्ट बिल्डिंग के C-सेक्शन में SLSA की रूफटॉप शीट बदलना और POP सीलिंग की मरम्मत। (E-30570)


टेंडर आईडी नंबर : 2026_DAMAN_4923_1
प्रीबिड मीटिंग की तारीख : ---
डाउनलोड करने की अंतिम तिथि : 05/09/2026
हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि : 05/09/2026
बोली खुलने की तिथि : 05/09/2026

For details please scan https://ddtenders.gov.in

कार्यपालक अभियंता,लो.नि.वि., दमण,


No: IP/DMN/2/5/2026-27/461 Dtd.: 27/08/2026


माननीय प्रशासक
श्री प्रफुलभाई पटेल
का आभार
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ
10 साल
बेमिसाल
श्रीमती हेतार्थीबेन जिग्नेशभाई पटेल
( सरपंच - घेलवाड )



Hon'ble Administrator,
DNH & Daman Diu & Lakshadweep
Shri Prafulbhai Patelji
Heartfelt best wishes to the respected Shri Prafulbhai Patelji– on his 70th birthday and the completion of ten remarkable years of a successful tenure.
Mohan Lacmane
Diu District BJP President


भारतीय जनता पार्टी
दादरा नगर हवेली एवं दमण-दिव प्रदेश
कचीगाम ग्राम पंचायत
नई सोच,
नई उपलब्धियों के सूत्रधार
श्री प्रफुल पटेल
श्री नरेन्द्र मोदी
श्री प्रफुलभाई पटेल जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाए
सुशासन के बेमिशाल दस साल


10 वर्ष का विश्वास... निरंतर विकास...
संघ प्रदेश श्रीडी में सुशासन के 10 वर्ष गौरवपूर्ण पूरे होने पर अभिनंदन...
संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली और दमण-दीव के लोकप्रिय एवं विकासशील
माननीय प्रशासक श्री प्रफुलभाई पटेल
को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
श्री पवन अग्रवाल, प्रेसिडेंट डीआईए


सुशासन के
10 साल...
बेमिसाल...
संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली और दमण-दीव के लोकप्रिय एवं विकासशील
माननीय प्रशासक श्री प्रफुलभाई पटेल
को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
श्री गौरांगभाई पटेल


सुशासन के
10 साल...
बेमिसाल...
संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली और दमण-दीव के लोकप्रिय एवं विकासशील
माननीय प्रशासक श्री प्रफुलभाई पटेल
को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
श्री ईश्वरभाई पटेल


सुशासन के
10 साल...
बेमिसाल...
संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली और दमण-दीव के लोकप्रिय एवं विकासशील
माननीय प्रशासक श्री प्रफुलभाई पटेल
को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
श्री धवलभाई देसाई


DAMAN MUNICIPAL COUNCIL
10 साल, नई पहचान - बदलाव की मिसाल
श्री प्रफुलभाई पटेल जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाए
10 साल बेमिसाल
Shri. Praful Patel
Honourable Administrator of
UT s of Dadra & Nagar Haveli, Daman and Diu
Shri. Narendra Modi
Honourable Prime Minister of
India
Smt. DIPIKA CHANDRAGIRI TANDEL
PRESIDENT
Shri. MUKESH PATEL
VICE- PRESIDENT

# संघ प्रदेश थ्रीडी में प्रशासक प्रफुल पटेल के 10 साल पूरे होने के पर जिला एवं ग्राम पंचायतों एवं डीएमसी ने किये सेवाकीय कार्य




असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण/सिलवासा/दीव। संघ प्रदेश थ्रीडी में प्रशासक प्रफुल पटेल के शासन के 10 साल पूरे होने के अवसर को प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न सेवाकीय कार्य के साथ इस अवसर को यादगार बनाया। दमण, दादरा नगर हवेली और दीव की सभी ग्राम पंचायतों, जिला पंचायतों तथा नगरपालिकाओं ने आज छोटे-छोटे बच्चों को तिथि भोजन कराया, जरूरतमंदों को राशनकिट एवं साडी बांटी, सफाई अभियान चलाया, वृक्षा रोपण, ब्लड डोनेशन कैंप, कई मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। आज दमण की 5 ग्राम पंचायतों के नये भवन का लोकार्पण भी हुआ। कडैया, दाभेल, भीमपोर, दमणवाडा और परियारी के नये पंचायत घरों को सरपंचों द्वारा उद्घाटन किया गया। आज जनप्रतिनिधियों ने छोटे-छोटे बच्चों के साथ केक काटकर प्रशासक प्रफुल पटेल के जन्मदिन को भी मनाया। यहां बताना जरूरी है कि अगस्त 2016 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात राज्य में अपने साथी गृह मंत्री रहे प्रफुल पटेल को संघ प्रदेश की कमान सौंपी थी। पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रशासक प्रफुल पटेल ने इस प्रदेश को मॉडल प्रदेश की श्रेणी में लाकर खडा कर दिया है। पिछले 10 सालों में पीएम मोदी द्वारा दिये गये सभी टास्क प्रशासक प्रफुल पटेल ने पूरे किये हैं। आज सभी स्थानीय स्वराज संस्थाओं के प्रमुखों, उपप्रमुखों, सरपंचों, जिला पंचायत सदस्यो, काउंसिलरों तथा राजनीतिक अग्रणियों ने सेवा संकल्प के साथ प्रशासक प्रफुल पटेल के 10 साल के शासन और साथ ही साथ उनके जन्मदिन को साथ-साथ मनाया है।






























स्वामी: मारुतिनंदन पब्लिक, संपादक, प्रकाशक व मुद्रक विजय जगदीशचंद्र भट्ट द्वारा गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल, नानी दमण - 396210 से प्रकाशित तथा असली आजादी प्रेस गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल नानी दमण - 396210 से मुद्रित।
(समाचारों के चयन के लिए संपूर्ण जिम्मेदारी पीआरबी एक्ट के अंतर्गत संपादक की होगी। किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र दमण न्यायालय के अधीन होगा।)

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेलो इंडिया संवाद में खेलों के संदर्भ में विकसित भारत के लिए अपना विजन प्रस्तुत किया

# खेलो इंडिया देशभर में खेल प्रतिभाओं को पोषित करने का एक शानदार मंच बन गया है; यह युवा खिलाड़ियों को अपने सपनों को साकार करने के अवसर और समर्थन प्रदान कर रहा है: पीएम मोदी





■ जब मैं खेलों की बात करता हूं, तो यह सिर्फ पदक जीतने के बारे में नहीं है; यह भारत की खेलशक्ति और युवाशक्ति को एक साथ जोड़कर एक विकसित भारत के निर्माण का अभियान हैः प्रधानमंत्री श्री मोदी ■ अन्य देश उन खेलों में पदक जीत रहे हैं जिनमें भारत भाग भी नहीं लेता; हमें इन खेलों में भी महारत हासिल करनी होगीः प्रधानमंत्री मोदी ■ केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने भारत के खेल भविष्य के निर्माण में प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व की सराहना की ■ डॉ. मांडविया ने खिलाड़ियों के साथ प्रधानमंत्री श्री मोदी के व्यक्तिगत जुड़ाव और चैंपियनों के प्रति उनके अटूट समर्थन की प्रशंसा की

नई दिल्ली (पीआईबी)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार, 27 अगस्त, 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खेलो इंडिया संवाद में भाग लिया और राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 समारोह के तहत देश भर के 5,000 से अधिक संस्थानों से जुड़े युवाओं और एथलीटों को संबोधित किया। खेलो इंडिया संवाद का आयोजन राष्ट्रीय खेल दिवस के समारोहों के हिस्से के रूप में किया गया, जो हर साल 29 अगस्त को पूर्व भारतीय हॉकी दिग्गज मेजर ध्यानचंद की जयंती के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के युवाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में खेलों के गहरे उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, जब मैं खेलों की बात करता हूं, तो इसका मतलब सिर्फ पदक जीतना नहीं है; यह भारत की खेलशक्ति और युवाशक्ति को एक साथ जोड़कर एक विकसित भारत का निर्माण करने का अभियान है। मैंने हमेशा कहा है, 'जो खेलेंगे, वे खिलेंगे।' वैश्विक खेल विधाओं में भारत की उपस्थिति बढ़ाने का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, अन्य देश उन खेलों में पदक जीत रहे हैं जिनमें भारत भाग भी नहीं लेता; हमें इन खेलों में भी महारत हासिल करनी होगी। उन्होंने कहा, पदक की संख्या बढ़ाने के लिए हमें इन खेलों में महारत हासिल करनी ही होगी। इस संदर्भ में, प्रधानमंत्री ने 2036 के ओलंपिक के लिए भारत की दीर्घकालिक रणनीति की रूपरेखा भी प्रस्तुत की, ताकि बड़ी संख्या में भारतीय एथलीट न केवल क्वालीफाई करने में सक्षम हों, बल्कि विभिन्न प्रकार के खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन भी कर सकें। प्रधानमंत्री ने युवाओं को 5 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों को लक्षित करते हुए एक विशाल राष्ट्रीय प्रतिभा खोज अभियान के शुभारंभ की जानकारी दी। श्री मोदी ने कहा, इसके लिए सरकार से जिस भी सहयोग की आवश्यकता होगी, सरकार इसमें आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगी। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गांधीनगर से प्रधानमंत्री का वर्चुअल माध्यम से स्वागत करते हुए कहा, 'देश ने पहली बार खेलों को केवल एक गतिविधि के रूप में नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में देखा है। खेल मंत्री ने प्रधानमंत्री के खिलाड़ियों के साथ व्यक्तिगत जुड़ाव की सराहना की। उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा, खिलाड़ियों के साथ आपका व्यक्तिगत जुड़ाव ही आपकी खेल संबंधी विजन की सबसे बड़ी ताकत है। आपने चैंपियनों की जीत का जश्न मनाया है, हमेशा उनकी प्रशंसा और उनका प्रोत्साहन किया है। लेकिन जब भी किसी खिलाड़ी को हार का सामना करना पड़ा, आपने कभी उनका साथ नहीं छोड़ा। यही कारण है कि भारत के खिलाड़ी आपको अपना मानते हैं। डॉ. मांडविया ने मायभारत प्लेटफॉर्म की व्यापक पहुंच की सराहना करते हुए कहा, देश भर में 2.4 करोड़ से अधिक युवा पहले ही इससे जुड़ चुके हैं और अपने करियर के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं। नीति-निर्माण के प्रति सरकार के युवा-केंद्रित दृष्टिकोण पर उन्होंने कहा, युवाओं के विचारों पर आधारित इस वर्ष के बजट को युवा-केंद्रित बजट कहा गया। आज देश के युवा महसूस करते हैं कि उनके विचारों को अब नजरअंदाज नहीं किया जा रहा है, बल्कि उन्हें लागू किया जा रहा है। डॉ. मंडाविया ने पारदर्शिता और जवाबदेही के माध्यम से खेल प्रशासन को मजबूत करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम के माध्यम से पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्ष अवसर को मजबूत करने के प्रयास से यह सुनिश्चित होता है कि प्रतिभा को उसका उचित सम्मान मिले। प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद, ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग ने आईआईटी गांधीनगर में उपस्थित युवाओं के साथ एक एथलीट के रूप में अपनी प्रेरणादायक यात्रा साझा की। नारंग ने कहा, ''आजकल खेलों में प्रशासनिक बदलावों की बदौलत खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए बेहतरीन उपकरण मिलते हैं। इन्हीं बदलावों के कारण हम यहां आए हैं।'' उनके साथ 2024 पैरालंपिक कांस्य पदक विजेता शीतल देवी भी थीं, जिन्होंने उपस्थित लोगों के साथ अपनी प्रेरणादायक यात्रा साझा की। उन्होंने कहा, ''आज मानसिकता बदल गई है। जो लोग पहले सवाल करते थे, 'ये (पैरा-एथलीट) क्या हासिल कर सकते हैं,' आज कहते हैं, 'हां, वे हासिल करेंगे, वे ही पदक घर लाएंगे'।'' आईआईटी गांधीनगर के छात्रों ने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं के सामने एक प्रस्तुति दी, जो प्रधानमंत्री द्वारा उल्लिखित पांच प्रमुख विषयों - खेल, ओलंपिक आकांक्षाएं, युवा नेतृत्व, विकसित भारत और नशा मुक्त युवा - पर आधारित थी, जिसमें खेल के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने की दिशा में भारत की यात्रा पर विशेष ध्यान दिया गया था।

# गुजरात विद्यापीठ का 72वां दीक्षांत समारोह: अमित शाह ने युवाओं को दिया राष्ट्रसेवा का संदेश





■ अहमदाबाद में आयोजित भव्य समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रहे मौजूद, राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने दिया दीक्षांत संबोधन ■ 900 विद्यार्थियों को मिली डिग्रियां, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 11 विद्यार्थी पदकों से सम्मानित

अहमदाबाद (ईएमएस)। महात्मा गांधी की विचारधारा और मूल्यों से प्रेरित प्रतिष्ठित गुजरात विद्यापीठ का 72वां दीक्षांत समारोह अहमदाबाद में गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह विशेष रूप से उपस्थित रहे, जबकि गुजरात के राज्यपाल एवं गुजरात विद्यापीठ के कुलाधिपति आचार्य देवव्रत ने विद्यार्थियों को दीक्षांत संबोधन दिया। समारोह के दौरान गुजरात विद्यापीठ के विभिन्न अध्ययनक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले लगभग 900 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। सात विद्याशाखाओं के 18 विभागों के स्नातक एवं उपाधिधारक विद्यार्थियों ने इस ऐतिहासिक समारोह में हिस्सा लिया। वर्षों की मेहनत, लगन और शैक्षणिक उपलब्धियों के बाद डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए यह अवसर जीवन के नए अध्याय की शुरुआत जैसा रहा। दीक्षांत समारोह में केवल डिग्री वितरण ही नहीं, बल्कि शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की प्रतिभा को भी विशेष सम्मान दिया गया। उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करने वाले 11 विद्यार्थियों को मंदिर चंद्रक और ध्वज चंद्रक से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके अध्ययन और अकादमिक क्षेत्र में किए गए श्रेष्ठ प्रदर्शन की पहचान के रूप में प्रदान किया गया। समारोह में विभिन्न संकायों और विभागों के विद्यार्थियों ने अपनी डिग्रियां प्राप्त कर उच्च शिक्षा की एक महत्वपूर्ण यात्रा पूरी की। अब ये युवा विद्यार्थी अपने ज्ञान और कौशल के साथ रोजगार, शोध, सामाजिक सेवा और विभिन्न क्षेत्रों में नई जिम्मेदारियां संभालने के लिए आगे बढ़ेंगे। दीक्षांत समारोह में सभी करीब 900 डिग्रीधारकों को बधाई देते हुए वक्ता ने गुजरात विद्यापीठ से जुड़ी अपनी पुरानी यादों को भी साझा किया। उन्होंने भावुकता के साथ कहा कि एक समय वह गुजरात विद्यापीठ की लाइब्रेरी में बैठकर खूब अध्ययन किया करते थे और उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि एक दिन उन्हें इसी प्रतिष्ठित संस्थान में अतिथि के रूप में आने का अवसर मिलेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सबसे पहले अपना स्पष्ट लक्ष्य तय करना आवश्यक है। युवाओं को केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि देश, समाज और आम लोगों की सेवा को भी अपने जीवन का उद्देश्य बनाना चाहिए। अपने जीवन के संघर्षों का उल्लेख करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि जीवन में आने वाली कठिनाइयों से कभी घबराना या हार मानना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि लक्ष्य तुरंत प्राप्त न हो तो निराश होने के बजाय निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि सफलता का रास्ता हमेशा आसान नहीं होता। असफलताएं और चुनौतियां जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन दृढ़ संकल्प और लगातार परिश्रम के माध्यम से ही व्यक्ति अपने लक्ष्य तक पहुंच सकता है। महात्मा गांधी के विचारों को याद करते हुए वक्ता ने कहा कि जीवन में अनेक महान व्यक्तियों और विचारकों को पढ़ने का अवसर मिला, लेकिन सबसे अधिक प्रेरणा उन्हें महात्मा गांधी के संदेश और विचारों से मिली। उन्होंने कहा कि गांधीजी के विचार केवल इतिहास तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे अतीत में जितने प्रासंगिक थे, आज भी उतने ही उपयोगी हैं और भविष्य में भी मानव समाज को दिशा देते रहेंगे। गुजरात विद्यापीठ, जिसकी स्थापना महात्मा गांधी ने राष्ट्रीय शिक्षा और भारतीय मूल्यों के उद्देश्य से की थी, आज भी शिक्षा के साथ सामाजिक चेतना और राष्ट्र निर्माण के मूल्यों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। ऐसे संस्थान में डिग्री प्राप्त करना विद्यार्थियों के लिए केवल शैक्षणिक उपलब्धि नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और सेवा के संस्कारों को जीवन में उतारने का अवसर भी है। 72वां दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों की वर्षों की मेहनत और उपलब्धियों के सम्मान के साथ-साथ उनके भविष्य के लिए नई शुरुआत का संदेश भी लेकर आया। समारोह में उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने सभी डिग्रीधारकों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उनसे ज्ञान का उपयोग समाज तथा राष्ट्र के हित में करने का आह्वान किया। डिग्री हासिल करने वाले इन लगभग 900 विद्यार्थियों के लिए यह दिन निश्चित रूप से यादगार बन गया। गुजरात विद्यापीठ का यह दीक्षांत समारोह शिक्षा, संस्कार, उत्कृष्टता और राष्ट्रसेवा के संदेश के साथ संपन्न हुआ और युवा पीढ़ी को अपने सपनों के साथ देश और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा दे गया।

# पूर्णिमा के पावन अवसर पर हुई भव्य गंगा आरती: प्रशासक प्रफुल पटेल के 10 साल बेमिसाल कार्यकाल और जन्मदिन की दी गई बधाई







असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 27 अगस्त। पूर्णिमा के पावन अवसर पर गंगा समग्र की प्रभारी सिंपल काटेला के मार्गदर्शन एवं गंगा समग्र के अध्यक्ष एस. के. शुक्ला की अध्यक्षता में श्रद्धा एवं भक्तिमय वातावरण में भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर मां गंगा की आरती की। कार्यक्रम में माछी महाजन समाज के अध्यक्ष चंद्रकांत काटेला, ट्रस्टी नंदूभाई, एजुकेशन कमेटी के चेयरमैन कांति पामसी, फिशरीज सोसायटी के चेयरमैन धर्मेश टंडेल, डीएमसी प्रेसिडेंट दीपिका टंडेल एवं डीएमसी काउंसिलरों की विशेष रूप से उपस्थिति रही। साथ ही गंगा समग्र की प्रभारी सिंपल काटेला, गंगा समग्र के अध्यक्ष एस. के. शुक्ला, आरती आयाम की प्रेसिडेंट पुष्पाबेन धुका, राजेंद्र कोकाटे, अशोक सिंह, योगेशभाई, तृप्ति पटेल एवं उनकी टीम तथा भारत भारती की टीम सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। इस विशेष अवसर पर दादरा नगर हवेली और दमण-दीव के प्रशासक प्रफुल पटेल के सफल 10 साल बेमिसाल कार्यकाल के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। सभी ने मां गंगा से उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर सफल जनसेवा की प्रार्थना की। साथ ही माछी महाजन समाज द्वारा प्रशासक प्रफुल पटेल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में केक काटकर हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया गया और उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घ जीवन की कामना की गई। गंगा आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद के साथ केक का भी वितरण किया गया। पूरे कार्यक्रम में भक्ति, सामाजिक एकता और उत्साह का सुंदर संगम देखने को मिला। मां गंगा का आशीर्वाद सभी पर बना रहे तथा प्रशासक प्रफुल पटेल स्वस्थ, दीर्घायु एवं सदैव जनसेवा में अग्रसर रहें यहीं सभी ने प्रार्थना की।

# असली आज़ादी

संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली और दमण-दीव एवं नई दिल्ली




## प्रशासक प्रफुल पटेल के सफल कार्यकाल के 10 वर्ष: जन सेवा, सुरक्षा और विकास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात राज्य के शासनकाल के समय अपने साथी गृह मंत्री रहे प्रफुल पटेल को अगस्त 2016 में दमण-दीव की कमान सौंपी थी। 29 अगस्त 2016 को प्रशासक प्रफुल पटेल ने संघ प्रदेश की कमान संभाली थी। संघ प्रदेश थ्रीडी में प्रशासक प्रफुल पटेल के शासन के 10 साल पूरे हो रहे हैं। प्रफुल पटेल के नेतृत्व में संघ प्रदेश का यह दशक विकास और सुशासन के लिए याद रखा जाएगा। पिछले एक दशक में प्रशासक प्रफुल पटेल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन कनेक्टीविटी, इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूत बुनियाद के साथ-साथ सामाजिक और औद्योगिक सुरक्षा का संकल्प भी सफलतापूर्वक पूरा किया है। 10 साल पहले संघ प्रदेश की मुलाकात लेने वाले आम नागरिक से लेकर वीवीआईपी भी प्रदेश में हुए अद्भुत बदलाव की खुलकर तारीफ कर रहे हैं। 10 साल के शासन में संघ प्रदेश ने ऊंची उडान भरी है। यह इसीलिए संभव हुआ है कि क्योंकि प्रशासक प्रफुल पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का लगातार मार्गदर्शन प्राप्त किया। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन और निर्देश अनुसार इस प्रदेश को मॉडल प्रदेश बनाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के साथ लगातार ग्राउंड जीरो पर काम किया। आज संघ प्रदेश में सरकारी मेडिकल कॉलेज, सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज, सरकारी नर्सिंग कॉलेज, निफ्ट, आईआईटी कैंपस, नमो अस्पताल, आधुनिक नमो एयरपोर्ट, आधुनिक आंगनवाडी से लेकर सरकारी विद्यालयों, नमो पथ, राम सेतु, आईएनएस खुकरी, रिवर फ्रंट, एवियरी, क्रिकेट स्टेडियम, टाउन हॉल, रिंग रोड, तीनों जिलों की मुख्य सडकों का चौडीकरण और नवीनीकरण सहित अनेक प्रोजेक्टों ने इस संघ प्रदेश की किस्मत बदल दी है। वर्तमान में संघ प्रदेश थ्रीडी में प्रशासक प्रफुल पटेल के दो और ड्रीम प्रोजेक्ट सिग्नेचर ब्रिज और कन्वेंशन सेंटर के निर्माण का कार्य चल रहा है। यह दोनों प्रोजेक्ट 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले पूरे हो जायेंगे। इसके बाद यह प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में और ऊंची उडान भरेगा इसमें कोई दो राय नहीं है। 2016 से 2026 का कालखंड संघ प्रदेश के इतिहास के पन्नों में अब हमेशा के लिए अंकित हो चुका है।

- विजय भट्ट

## अवकाश सूचना

रक्षाबंधन के पवित्र त्यौहार पर असली आजादी दैनिक कार्यालय में आज 28 अगस्त 2026 को अवकाश रहेगा। जिसके चलते 29 अगस्त 2026 का अंक प्रकाशित नहीं होगा। 30 अगस्त से निरंतर प्रकाशित होता रहेगा। सभी नागरिकों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं...

- संपादक

# प्रशासक प्रफुल पटेल के शासन के 10 साल पूरे होने पर संघ प्रदेश के तीनों जिलों में प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन







असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण/सिलवासा/दीव, 28 अगस्त। संघ प्रदेश थ्रीडी में प्रशासक प्रफुल पटेल के शासन के 10 वर्ष पूरे होने का 10 साल बेमिसाल जश्न मनाया जा रहा है। इसी के तहत संघ प्रदेश के तीनों जिलों दादरा नगर हवेली, दमण एवं दीव में प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रमों के दौरान प्रशासन के विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर नागरिकों को जनहितैषी एवं लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। तीनों जिलों में आयोजित प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में नागरिकों ने उपस्थित रहकर लाभ लिया। इन कार्यक्रमों में जिला प्रशासन के अधिकारियों ने उपस्थित रहकर विभिन्न स्टॉलों पर विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का जायजा लिया और नागरिकों से बातचीत करके उनकी व्यवहारिक समस्याओं का संज्ञान लिया तथा उनके त्वरित समाधान हेतु अपेक्षित मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं सेवा प्रदाताओं को नागरिकों को सहज, सटीक, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से सेवाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। ज्ञात हो कि प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम आम जनता के लिए सही में घर बैठे सेवा और सुविधा प्राप्त करने का माध्यम रहा है।
























स्वामी: मारुतिनंदन पब्लिक, संपादक, प्रकाशक व मुद्रक विजय जगदीशचंद्र भट्ट द्वारा गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल, नानी दमण - 396210 से प्रकाशित तथा असली आजादी प्रेस गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल नानी दमण - 396210 से मुद्रित।
(समाचारों के चयन के लिए संपूर्ण जिम्मेदारी पीआरबी एक्ट के अंतर्गत संपादक की होगी। किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र दमण न्यायालय के अधीन होगा।)